**आकाशवाणी शिमला**

**20.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

## मुख्य समाचार

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किश्त की जारी–9 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 18 हज़ार 8 सौ 80 करोड़ से अधिक की धन राशि की हस्तांतरित।**
- **मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–लोक निर्माण विभाग के कार्य क्षेत्र को विस्तारित करने पर विचार कर रही है राज्य सरकार।**
- **नीट यूजी पुनः परीक्षा कल– देशभर के 22 लाख 79 हज़ार से अधिक विद्यार्थी लेंगे भाग–सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध।**
- **नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर चुनावी वायदे पूरा न कर लोगों से विश्वासघात करने का लगाया आरोप।**
- **दुनियाभर में कल मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस– राज्य स्तरीय कार्यक्रम हमीरपुर के अणु में होगा आयोजित।**

## किसान सम्माननिधि योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर से आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किश्त जारी की। उन्होंने डीबीटी के तहत 9 करोड़ 44 लाख से अधिक लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में 18 हजार 8 सौ 80 करोड़ से अधिक की धनराशि हस्तांतरित की। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अब सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। उन्होंने लोगों से कल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग के वैश्विक उत्सव में सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

## राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा है कि एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम देश के सांस्कृतिक और क्षेत्रीय विविधता में एकरूपता के दर्शन करवाता है। शिमला स्थित लोकभवन में पश्चिम बंगाल के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष मिलन कार्यक्रम में उन्होंने ये बात कही। राज्यपाल ने कहा कि विविधता में एकता भारत की सबसे बड़ी शक्ति है और विभिन्न राज्यों की विशिष्ट संस्कृतियों, भाषाओं और परम्पराओं का संरक्षण व संवर्धन भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक धरोहर, मूल्यों और परम्पराओं से युवाओं को जोड़कर समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण किया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार भविष्य में लोक निर्माण विभाग के कार्यक्षेत्र को विस्तारित करने पर विचार कर रही है ताकि भविष्य की चुनौतियों से निपटा जा सके। आज शिमला में लोक निर्माण विभाग में गुणवत्ता आश्वासन विषय पर आयोजित उत्तर क्षेत्रीय अंतर्राज्यीय संवाद सत्र की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 3 वर्षों में हिमाचल ने कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना किया है और इस दौरान लोक निर्माण विभाग की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है।

इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने क्षमता निर्माण और आधुनिक तकनीकों को अपनाने की ज़रूरत बताई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सतत विकास की दृष्टि से कार्य करना अनिवार्य है। संवाद सत्र में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान सहित हिमाचल, जम्मू–कश्मीर, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड और राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों व अभियंताओं ने हिस्सा लिया।

**एनटीए परीक्षा तैयारी**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए की कल होने वाली नीट यूजी पुनः परीक्षा के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। एनटीए ने एक वक्तव्य में कहा कि पुनः परीक्षा देश के पांच सौ 51 शहरों और विदेश के 14 शहरों में संचालित की जायेगी। इसमें 22 लाख 79 हजार से अधिक विद्यार्थी इसमें भाग लेंगे। हिमाचल प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर नीट परीक्षा के आयोजन को लेकर परीक्षा केंद्रों में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि नीट परीक्षा का बार–बार लीक होना देश के लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और इसकी गहन व निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीट देने वाले छात्रों के लिए एचआरटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा की व्यवस्था की गई है।

कांगड़ा ज़िला में स्थापित 12 परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मचारियों के साथ इस बार आई.टी.बी.पी की सेवाएं भी ली जाएंगी। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरें और जैमर भी लगाए जाएंगे।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि 3 सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने की गारंटी देकर सत्ता में आने वाली राज्य सरकार ने बिजली के दामों में वृद्धि कर लोगों के साथ विश्वासघात किया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं पर ईंधन व बिजली खरीद समायोजन अधिभार के रूप में प्रति यूनिट 33 पैसे बढ़ाकर हर उपभोक्ता पर औसतन लगभग एक सौ 25 रूपये का अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। जयराम ठाकुर ने सरकार पर प्रदेश में बढ़ते अपराध को नियंत्रित करने में नाकाम रहने का आरोप भी लगाया है।

**योग दिवस 2026 –समारोह**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कल दुनिया भर में मनाया जाएगा। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय है–बढ़ती उम्र के प्रभाव को रोकने के लिए योग। यह विषय उम्र बढने के साथ स्वस्थ, सक्रिय औरसम्मानित जीवन जीने के लिए योग का आजीवन अभ्यास करनेके महत्व पर बल देता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम पश्चिम बंगाल के कोलकाता में ऐतिहासिक रेड रोड पर आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस कार्यक्रम में सामान्य योगाभ्यास के दौरान राष्ट्र का नेतृत्व करेंगे और इसमें हजारों लोग योगासन करेंगे। इधर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम हमीरपुर के अणु स्थित सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि पारदर्शिता और सुशासन ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की पहचान है। आज नाहन में विकसित भारत सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जहां एक ओर यूपीए सरकार घोटालों के लिए जानी जाती थी, वहीं वर्तमान सरकार द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं से विभिन्न वर्गों के लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

**सुरेश कश्यप**

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल को कर्ज और निजीकरण की राह पर धकेला है। एक बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन से राज्य पर कर्ज लगातार बढ़ रहा है। सुरेश कश्यप ने कहा है कि सरकार द्वारा आर्थिक संसाधनों का दुरूप्रयोग किया जा रहा है और विकास कार्य ठप्प हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को अपने नियमित खर्चों के लिए भी कर्ज का सहारा लेना पड़ रहा है। कश्यप ने कहा कि राज्य सरकार संस्थानों को मजबूत करने के बजाय निजी हाथों में देने की योजना बना रही है।

**कांग्रेस**

प्रदेश कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर आर.डी.जी बंद करवा कर राज्य के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री विनोद जिंटा ने कहा कि केंद्र ने केंद्रीय योजनाओं को दिए जाने वाले फंड में भी कटौती की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारी हितैषी है और ओपीएस देकर ऐतिहासिक कदम उठाया है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किश्त की जारी–9 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 18 हज़ार 8 सौ 80 करोड़ से अधिक की धन राशि की हस्तांतरित।**
- **मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–लोक निर्माण विभाग के कार्य क्षेत्र को विस्तारित करने पर विचार कर रही है राज्य सरकार।**
- **नीट यूजी पुनः परीक्षा कल– देशभर के 22 लाख 79 हज़ार से अधिक विद्यार्थी लेंगे भाग–सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध।**
- **नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर चुनावी वायदे पूरा न कर लोगों से विश्वासघात करने का लगाया आरोप।**
- **दुनियाभर में कल मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस– राज्य स्तरीय कार्यक्रम हमीरपुर के अणु में होगा आयोजित।**

---